अध्यापक-अभिभावक बैठक प्रैस-विज्ञप्ति

अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ के संभाग प्रथम के पुस्तकालय भवन में 10 सितम्बर 2017 को ''अध्यापक-अभिभावक बैठक'' समन्वयक डॉ0 के. एल. कौशिक द्वारा आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों के 120 अभिभावकों ने भाग लिया। सर्वप्रथम डॉ0 के.एल कौशिक ने बैठक में उपस्थित महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता जी का स्वागत किया और महाविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। सभी विषयों के विभागाध्यक्षों ने अभिभावकों को अपना परिचय दिया। तत्पश्चात अभिभावकों के सुझाव व टिप्पणियाँ माँगी गई। अधिकाँश अभिभावकों ने महाविद्यालय के अनुशासन, अध्यापन और कार्यशैली की सराहना की लेकिन कुछ ने अपने-अपने ढंग से सुझाव भी दिए।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता जी ने अभिभावकों के इन सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना और अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अभिभावकों के सुझावों के बिना शिक्षण संस्था का विकास संभव नहीं। उन्होंने बताया कि पिछले सत्र की बैठक के सुझावों के आधार पर विद्यार्थियों के हित को ध्यान रखते हुए उनकी सुरक्षा के मद्देनज़र उनकी अनुपस्थिति की सूचना एस.एम. एस. के माध्यम से उनके अभिभावकों को प्रतिदिन भेजी जाती है। महाविद्यालय में एक सुझाव पेटिका है जिसमें विद्यार्थी अपने सुझाव लिखकर डालते हैं और उन्हीं सुझावों के आधार पर पानी, सफाई,

बिजली और कैंटीन संबंधित उनकी समस्याओं को सुलझाने का प्रयास किया जाता है। बैठक को संबोधित करते हुए प्राचार्य जी ने कहा कि विधार्थियों के विकास के लिए अभिभावकों और अध्यापकों दोनों का सामूहिक उत्तरदायित्व है। अपने भाषण के अंत में उन्होने कहा कि हमें अपने बच्चों को उपहार देने की अपेक्षा अच्छे संस्कार देने चाहिएं। बैठक के अन्त में डॉ0 के.एल. कौशिक ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। सभी के लिए जलपान की व्यवस्था की गई थी।